शेखर बसु
Sekhar Basu

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
Government of India

अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग
व
सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग
Chairman, Atomic Energy Commission
&
Secretary, Department of Atomic Energy

संदेश

प्रिय साथियों,

हिन्दी दिवस (14 सितंबर 2016) के शुभ अवसर पर मैं, परमाणु ऊर्जा विभाग तथा देश-भर में फैली अपनी इकाइयों, उपक्रमों एवं सहायता प्राप्त संस्थानों में कार्यरत अपने सभी साथियों को शुभकामनाएं देता हूँ।

प्रारम्भ से ही, परमाणु ऊर्जा विभाग प्रगत प्रौद्योगिकियों के माध्यम से देश की प्रगति में अपना महत्पूर्ण योगदान देता आ रहा है। परमाणु ऊर्जा विभाग (पऊवि) अपनी विभिन्न गतिविधियों जैसे - नाभिकीय विद्युत उत्पादन, खाद्य एवं कृषि उत्पाद परिरक्षण, कृषि, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षा आदि के साथ-साथ राजभाषा हिंदी के क्रियान्वयन में भी सतत अग्रसर है। इस कार्य में हमारे विभाग की विभिन्न संस्थापनाओं और उनमें कार्यरत समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रयास सराहनीय हैं, किंतु इन प्रयासों को और अधिक गति देने की ज़रूरत है ताकि राजभाषा के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।

भारत सरकार की राजभाषा नीति का सार तत्व है कि सरकारी कामकाज में हिंदी का इस्तेमाल निरंतर बढ़ते रहना चाहिए। सरकारी कर्मचारी होने के नाते भारतीय संविधान में दिए गए राजभाषा उपबंधों के पालन के प्रति हमारा दायित्व और भी बढ़ जाता है। 70वें स्वतंत्रता वर्ष में प्रवेश कर जाने पर राजभाषा हिंदी में और अधिक तत्परता से सरकारी कामकाज करने की आवश्यकता है। उच्च अधिकारियों सहित सभी कर्मचारियों को स्वेच्छा से अपना कामकाज राजभाषा हिंदी में करके अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए।

साथियों, आइए आज हिंदी दिवस के पावन अवसर पर हम सब यह संकल्प लें कि हम सभी उत्साह एवं भाषायी सौहार्द को बनाए रखते हुए राजभाषा अधिनियम के प्रावधानों एवं नियमों का अनुपालन करेंगे। साथ ही वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में अपना सहयोग देते रहेंगे। मुझे विश्वास है कि हमारे सामूहिक प्रयास अवश्य कारगर साबित होंगे।

सभी को पुन: एक बार हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

जयहिंद।

शेखर बसु
(शेखर बसु)

मुंबई
14 सितंबर 2016

राष्ट्र की सेवा में परमाणु
प ऊ वि
DAE
ATOMS IN THE SERVICE OF THE NATION

अणुशक्तिभवन, छत्रपति शिवाजी महाराज मार्ग, मुंबई - 400 001, भारत • Anushakti Bhavan, Chhatrapati Shivaji Maharaj Marg, Mumbai - 400 001, India
दूरभाष / Phone : +(91) (22) 2202 2543 • फैक्स / Fax: +(91) (22) 2284 3888 • तार:एटमर्ग / Grams: ATOMERG
ई-मेल / E-mail: chairman@dae.gov.in